वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,देहरादून

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

VEER MADHO SINGH BHANDARI UTTARAKHAND TECHNICAL UNIVERSITY, DEHRADUN

(Formerly Uttakhand Technical University Established By Act no. 415/2005 by Uttarakhand Gvoenment)

Chakrata Road P.O. Chandanwadi, Premnagar suddholwal, Dehradun, Uttarakhand (India)

Tel. No. 0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in

पत्रांक– 1598 /VMSBUTU/2024 दिनॉक 12 अगस्त,2024

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध एवं परिसर संस्थान,
बी0मा0सिं0भ0उ0त0वि0वि0,देहरादून।

विषयः विषम सेमेस्टर 2024–25 के कक्षाओं के संचालन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कैलेण्डर 2024–25 के अनुसार कक्षाओं को संचालित करने की तिथि के बाद भी संस्थाओं द्वारा अद्यतन Time Table UMS पर अपलोड नहीं किये गये है। विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एवं परिसर संस्थानों में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों के Time Table UMS पर अपलोड कराते हुए शिक्षकों को विषयों का आवंटन कर संचालित कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति व अध्यापित विषय के अंश की जानकारी UMS पर Attendance Magagement System के माध्यम से दैनिक आधार पर दर्ज कराना सुनिश्चित करें, ताकि छात्रों को न्यूनतम उपस्थिति को लेकर भविष्य में किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़ें।

यहॉ यह भी सूचित करना है कि विश्वविद्यालय द्वारा समस्त पाठ्यक्रमों में छात्रों की परीक्षा आवेदन की अर्हता स्वरूप न्यूनतम उपस्थिति संबंधित पाठ्यक्रमों के Ordinance में निर्धारित प्रतिशत किये जाने की व्यवस्था का अनुपालन संस्था स्तर से किया जाना है एवं समस्त छात्रों को वांछित सलाह/सूचना देते हुयें संचालित कक्षाओं में उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए गुणवत्ता परक अध्यापन कराया जाना संस्था की जिम्मेदारी है।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया अपनी संस्था में नव प्रवेशित छात्रों तथा पूर्व से अध्ययनरत समस्त छात्राओं को यथा प्रभावी Ordinance के समस्त प्राविधानों से भलीभॉति अवगत करा दे। आवश्यकतानुसार इस हेतु एक विशेष सत्र आयोजित कर Ordinance की जानकारी छात्राओं को देने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डॉ0 वी0के0 पटेल)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा0 कुलपति वी0मा0सिं0भ0, यू0टी0यू0 को कुलपति महोदय के सादर संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. कुलसचिव, वी0मा0सिं0भ0, यू0टी0यू0 देहरादून।
3. वित्त नियत्रंक, वी0मा0सिं0भ0, यू0टी0यू0 देहरादून।
4. नोडल आफिसर, यू0एम0एस0 को सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु।
5. वेबमास्टर, वी0मा0सिं0भ0, यू0टी0यू0 देहरादून को इस निर्देश के साथ कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड हेतु।
6. गार्ड फाइल।

(डॉ0 वी0के0 पटेल)
परीक्षा नियंत्रक